आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.05.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे।
- दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने अगले कार्यकाल के लिए कल शपथ ली।
- देश भर के युवाओं को MY Bharat नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में अपने आप को पंजीकृत करने की अपील की गई है।
- कार निकोबार में भारी से बहुत भारी वर्षा हुई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। श्री मोदी का यह संबोधन पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद हो रहा है। पहलगाम आतंकी हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक मारे गए थे। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान में कई आतंकी और सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया और 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सत्य, समानता और सद्भाव के सिद्धांतों पर आधारित भगवान बुद्ध के संदेश मानवता के लिए मार्गदर्शक रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि त्याग और तपस्या को समर्पित भगवान बुद्ध का जीवन विश्व समुदाय को हमेशा करुणा और शांति के लिए प्रेरित करता रहेगा।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि नर्सों का कल्याण सीधे तौर पर देश की स्वास्थ्य प्रणाली की मज़बूती और राष्ट्रीय विकास से जुड़ी है। श्री नड्डा ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नर्सों का कल्याण बेहतर स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक है। उन्होंने नर्सों की करुणा, शक्ति और प्रतिबद्धता की सराहना की।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद के सम्मेलन कक्ष में कल पंचायत सचिव अर्जुन शर्मा ने जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी तथा ज़िला परिषद उपाध्यक्ष एस भूमिनाथन को अगले कार्यकाल के लिए शपथ दिलाई। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रकाश अधिकारी ने युवाओं को रोज़गार देने तथा बुनियादी सेवाओं की महत्ता पर प्रकाश डाला।

बाईट—अध्यक्ष—33 से0

इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे, प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विशाल जॉली, मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुशांत पदा, प्रधान और पंचायती राज संस्थान के सदस्यों ने भाग लिया। उपाध्यक्ष ने लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह एक पद नहीं है, बल्कि जन—सेवा के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है।

बाईट—उपाध्यक्ष— 20 से0

<><><><><><><>

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने देश भर के युवाओं को MY Bharat नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में अपने आप को पंजीकृत करने की अपील की है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्र की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक केंद्रित प्रयास का हिस्सा है, खासकर आपात स्थितियों और संकटों के दौरान। इस पहल का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के दौरान नागरिक प्रशासन की सहायता करने के लिए एक प्रशिक्षित और उत्तरदायी स्वयंसेवी बल बनाना है। पंजीकरण माई भारत पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है।

<><><><><><><>

मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत अनुबंध के आधार पर सागर मित्र के लिए चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया जाएगा। इस सिलसिले मे बाईस और तेईस मई को साक्षात्कार दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में सुबह साढ़े आठ बजे से ली जाएगी। उम्मीदवारों को निर्धारित तिथि में साक्षात्कार से एक घंटे पूर्व अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। उम्मीदवारों की सूची प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अधिक जानकारी के लिए दक्षिण अंडमान के अंचल मत्स्य कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन की ओर से 38वीं राष्ट्रीय अंडर–9 शतरंज चैंपियनशिप के लिए अंडर–9 चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। चयन ट्रायल में कुल 47 युवा शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। उनके प्रदर्शन के आधार पर, लड़कों और लड़कियों की श्रेणियों से दो–दो खिलाड़ियों को जून में हरियाणा में आयोजित होने वाली चैंपियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। चयनित खिलाड़ियों से 20 मई तक भागीदारी के लिए अपनी सहमति पत्र व्हाट्सएप के माध्यम से 9434293379 पर भेजने या व्यक्तिगत रूप से जमा करने को अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में ग्रुप बी के विभिन्न लैब सहायक कर्मियों की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की तिथि में संशोधन किया गया है। कौशल परीक्षा अपने निर्धारित तिथि पर ही ली जाएगी। लैब तकनीशियन और इंस्ट्रक्टर –सिविल की परीक्षा अब कल के बजाय पन्द्रह मई को लिया जाएगा। लैब तकनीशियन–मेकानिकल तथा लैब इंस्ट्रक्टर–मेकानिकल वर्कशॉप के लिए सोलह और लैब तकनीशियन–इलेक्ट्रॉनिक्स तथा होटल मैनेजमेंट की परीक्षा सत्रह मई को निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों से परीक्षा से दो घंटे पूर्व निर्धारित तिथि तथा समय पर उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कार निकोबार क्षेत्र में भारी वर्षा के समाचार मिले हैं। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक चौहत्तर मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में पचपन दशमलव छः, ननकौड़ी में पच्चीस दशमलव दो, हटबे में बाईस दशमलव चार और मायाबंदर में आठ दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा हुई। अगले तीन दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि निकोबार द्वीप के एकाध भागों में भारी से बहुत भारी वर्षा और अंडमान द्वीप में सोलह मई को भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति पचपन किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेंगी। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को चौदह मई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

डेटाबेस में वाहन मालिकों के मोबाइल नंबर जैसे संचार रिकॉर्ड की कमी के कारण, वाहन से संबंधित महत्वपूर्ण अलर्ट संदेश और नोटिस वाहन मालिकों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र, बीमा, ई–चालान नोटिस और कर देय की समस्या आ रही है। इसलिए, सभी

वाहन मालिकों से विभिन्न वाहन संबंधी सेवाओं और अलर्ट संदेशों को प्राप्त करने के लिए अपने आधार प्रमाणित मोबाइल नंबर को अपडेट करने का अनुरोध किया गया है।

**<><><><><><><>**